दैनिक जागरण 12/09/2022

# बच्चों को बाजार संबंधित नई चीजों के बारे में दी जानकारी



ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान मौजूद कालेज के छात्र। ● विज्ञप्ति

**जासं, अंबाला** : जीएमएन कालेज में शनिवार को बीबीए के बच्चों के लिए रिटेलिंग पर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीबीए सेकंड इयर और बीबीए फाइनल इयर के 50 बच्चों ने भाग लिया। ट्रेनिंग कार्यक्रम स्थानीय माल में किया गया। इसमें माल के मैनेजर तरुण ने बच्चों को बाजार संबंधित नई चीजों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्टाक एंट्री और मेंटेनस की जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर हेड आफ डिपार्टमेंट डा.भारती एवं डा. अमिता भी बच्चों के साथ माल में उपस्थित रही।